प्रतिवेदन

कार्यक्रम – राज्य स्तरीय खो–खो पुरूष प्रतियोगिता कोरबा

आयोजक – क्रीड़ा विभाग

दिनांक – 16/11/2018

राज्य स्तरीय खो–खो पुरूष चयन प्रतियोगिता कोरबा में महात्मा गांधी शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय खरसिया से पाँच छात्र सम्मिलित हुए। क्रीड़ाधिकारी डॉ रमेश टण्डन के निर्देशानुसार महाविद्यालय खरसिया से गोविन्दराम राठिया, केश्वर कुमार राठिया, रामनाथ राठिया, राजकुमार राठिया व लालाराम राठिया उनके दल प्रबंधक अरूण यादव के साथ दिनांक 16 नवम्बर 2018 को खो–खो प्रतियोगिता के लिए शासकीय इं0 विश्वेसरैया स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा प्रस्थान किए।

जिला स्तर की खो–खो प्रतियोगिता खरसिया में आयोजित हुई थी जिसमें जिले के विभिन्न महाविद्यालयों से खो–खो दल ने सहभागिता की थी। प्रतियोगिता उपरान्त खेल अधिकारियों व विशेषज्ञों ने राज्य स्तर के लिए एक टीम का चयन किया। यही टीम दिनांक 16 नवम्बर को कोरबा में सम्मिलित हुई। के जी रायगढ़ से अनिलकुमार, सूरज सिदार, चैतन यादव, वेदप्रकाश लहरे व राजेशकुमार, एम जी खरसिया से गोविन्दराम राठिया, केश्वर कुमार राठिया, रामनाथ राठिया, राजकुमार राठिया व लालाराम राठिया तथा धरमजयगढ़ से शिवकुमार राठिया ने रायगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व कर जिले का नाम रोशन किया। इन्हीं खिलाड़ियों में से एवं बिलासपुर व कोरबा सेक्टर से चयनित छात्र अब अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर का प्रतिनिधित्व करते हुए अन्तर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

राज्य स्तरीय चयन प्रतियोगिता कोरबा में सम्मिलित खिलाड़ियों को प्राचार्य डॉ0 पी सी घृतलहरे, प्रो0 एम एल धीरही, डॉ0 पी एल पटेल, डॉ0 सुशीला गोयल, प्रो0 सरला जोगी, डॉ0 आर के टण्डन, प्रो0 मनोज साहू, प्रो0 ए के पटेल, प्रो0 के एक्का, प्रो0 जे आर कुर्रे, प्रो0 दिनेश संजय सहित समस्त प्राध्यापकों तथा अधीक्षक आर बी बर्मन, आशीष राठौर, संतोषी सिदार, ज्योति डनसेना, वन्दना राठौर, शशिकला खरे आदि ने बधाइयाँ दी।